मृदुल पत्रिका समाचार पत्र को समस्त जिलों एवं तहसील-कस्बों में संवाददाताओं की आवश्यकता है। सम्पर्क सूत्र 9828888853

दैनिक
मृदुल पत्रिका
राजस्थान, दिल्ली, उत्तरप्रदेश एवं हरियाणा से प्रकाशित

हमारे यहां किताबों व समाचार पत्रों की प्रिन्टिंग की जाती है सम्पर्क सूत्र 9571039307 (भरत प्रिंटर्स एण्ड सैल्स कॉर्पोरेशन)

पृष्ठ 8 | वर्ष 16 | मूल्य 2.00 रुपए | अंक 21 | जयपुर, शनिवार, 31 अगस्त, 2024 | RNI/RAJHIN/2008/27048 | dainikmridulpatrika@gmail.com | 9413193990

खेल ही नहीं विज्ञान में भी जरूरी हैं अनुशासन, परिश्रम और टीम भावनाः डॉ पीसी पंचारिया

महिला वर्ग में टीम पीटी उषा और पुरुष वर्ग में टीम धनराज पिल्ले बने चैम्पिपियन

सीएसआईआर-सीरी में राष्ट्रीय खेल दिवस 2024 के उपलक्ष्य में आयोजित खेल गतिविधियों का समापन

पिलानी (मृदुल पत्रिका)। सीएसआईआर - केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीरी), पिलानी में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 28 और 29 अगस्त को विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। सुप्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यान चंद की स्मृति में देशभर में मनाए जा रहे राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर भारत सरकार के खेल मंत्रालय और सीएसआईआर मुख्यालय के निदेशानुसार सीएसआईआर-सीरी में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन हुआ। समारोह का समापन 29 अगस्त को एक विशेष सम्मान समारोह के साथ किया गया जिसमें संस्थान के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया ने विजेताओं को मेजर ध्यान चंद राष्ट्रीय खेल दिवस ट्राफी भेंट कर सम्मानित किया। पुरुष वर्ग में विजेता ट्रॉफी धनराज पिल्ले टीम ने और महिला वर्ग में पी टी ऊषा टीम ने जीती।

सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया ने अपने संबोधन में विजेता टीमों को बधाई दी। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि अनुशासन, परिश्रम और टीम भावना खेल ही नहीं विज्ञान में भी सफलता का मूल मंत्र हैं। इससे पूर्व राष्ट्रीय खेल दिवस गतिविधियों का शुभारंभ करते हुए डॉ. पी.सी. पंचारिया ने सभी खिलाड़ियों को स्वास्थ्य और फिटनेस की शपथ दिलाई और खिलाड़ियों को खेल और टीम भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय खेल दिवस खेलों के महानायक मेजर ध्यान चंद की जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष 29 अगस्त को मनाया जाता है। संस्थान में कुल आठ टीमों के 312 खिलाडियों में टेनिस बॉल क्रिकेट, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, रस्साकशी (टग ऑफ वॉर), बास्केटबॉल, रिले रेस और फुटबॉल खेलों में कड़े मुकाबले हुए। प्रसिद्ध खिलाड़ियों और स्वतंत्रता सेनानियों के नामों पर टीमों का गठन किया गया था। पुरुष वर्ग में मिल्खा सिंह, कपिल देव, चंद्रशेखर आजाद, ऊधम सिंह, अभिनव बिन्द्रा और धनराज पिल्ले टीमों ने तथा महिलाओं के वर्ग में स्मृति मंधाना और पी टी उषा टीमों ने प्रतिभागिता की।

पी टी ऊषा (महिला टीम) और धनराज पिल्ले (पुरुष टीम) ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर ट्रॉफी पर कब्जा किया। स्टाफ क्लब के सचिव डॉ नीरज ने खेल प्रतियोगिताओं का विस्तृत ब्योरा दिया। उपाध्यक्ष एवं प्रशासन नियंत्रक जय शंकर शरण ने भी विजेताओं को बधाई दी। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन क्लब की संयुक्त सचिव सुश्री चांदनी दीक्षित ने किया।